# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने आज हिंडन एयरपोर्ट से 9 शहरां के लिए हवाई सेवाएं की शुरू : कहा–अहमदाबाद विमान हादसे पर अंतिम रिपोर्ट आने तक जल्दबाजी में किसी परिणाम पर पहुंचना ठीक नहीं।
2. काशी घोषणा पत्र के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन : केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा– विकसित भारत के लक्ष्य के लिए चलेगा नशा मुक्ति का राष्ट्रीय अभियान।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, कहा– उपद्रव करने वालों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई।

और

4. 27 जुलाई को प्रस्तावित समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के लिए सरकार ने किए व्यापक इंतजाम : 10 लाख 76 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के लिए बनाए गए 2 हजार 382 परीक्षा केंद्र।

————————

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर आज कहा कि दुर्घटना की अंतिम रिपोर्ट आने तक जल्दबाजी में किसी निष्कर्ष पर पहुंचना ठीक नहीं है। अभी हादसे की केवल प्रारंभिक रिपोर्ट आई है। हादसे की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि भारत में ब्लैक बॉक्स को डीकोड किया गया है। श्री नायडू ने आज ग़ाज़ियाबाद के हिंडन सिविल टर्मिनल से व्यावसायिक उड़ानों समेत देश के 9 प्रमुख शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि नई उड़ान सेवाएं प्रधानमंत्री उड़ान योजना को गति देंगी। बाइट....

*आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सोच जो उड़ान स्कीम के तहद इस देश के सिविल इवेशनके तहत किया था उसका एक एग्जाम्पल बहुत बड़ा ये हिंडन है, हिंडन जैसे ये इंडियन एयरफोर्स का एयरपोर्ट होता था उसमें उड़ान स्कीम के तहत हमनें टर्मिनल यहां पे डेवलप किया।*

———————

वाराणसी में चल रहे विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर तीन दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखऱ सम्मेलन का आज काशी घोषणा पत्र के साथ समापन हो गया। संकल्प पत्र में नशा मुक्त युवा के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर केंद्रीय युवा एवं खेल श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित

भारत के निर्माण के लक्ष्य में युवा नशा मुक्त हो इसक लिए काशी संकल्प पत्र के माध्यम से रोडमैप तैयार किया गया है। बाइट....

*और जिस युवा इस हाशिये पर चलने वाले हैं युवाओं के सामने क्या चेलेंज है। ये चेलेंज को एडजस्ट करने के लिये हमनेतीन दिन तक चिंतन–मनन करा है और तीन दिन का चिंतन–मनन के आधार पर आपके सामने आंशिक संकल्प पत्र के रूप में हमारा रोडमैप को रिक्रिएट किया है हम सब लोग एक समान वैकल्पिक एक मुहिम के रूप में एक बड़ा अभियान के रूप में हम विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिये देश को नशामुक्त अभियान के साथ जुड़ेंगे।*

सम्मेलन के आखिरी दिन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने भी सत्र को संबोधित किया। श्री शुक्ला ने कहा कि तीन दिन के इस चिंतन ने नशा मुक्ति के खिलाफ एक राष्ट्रीय चेतना का बीजा रोपण किया है।

बाइट....

*यहां से आप सभी लोगों ने तीन दिन में राष्ट्रीय चेतना का एक बीजा रोपण करने का काम है और शिव की नगरी में हैं, मैं जानता हूँ कि बीजा रोपण के दिन बटरेट्स बनने का काम किया है।*

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कहा कि काशी के चिंतन शिविर ने देश को एक नई दिशा देने का कार्य शुरू किया है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, नितिन अग्रवाल समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस सत्र में 120 से ज्यादा आध्यात्मिक संगठनों के 600 से अधिक युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

———————

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के तहत विशेष आयोजन 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने साइकिल चलाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अभियान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया की संकल्पना साकार होगी। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे भी मौजूद रहीं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों का दौरा कर कांवड़ यात्रा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कई जगहों पर कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की। मुख्यमंत्री ने मेरठ में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार की तरफ से कांवड़ यात्रियों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। बाइट....

*सरकार ने, स्वयंसेवी संगठनों ने और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी इसके लिए पुख्ता व्यवस्था की है किसी श्रद्धालु को कष्ट नहो सुरक्षा से जुड़ा हुआ कोई मुद्दा न बने यातायात की किसी समस्या का सामना, न श्रद्धालु जनों को न यात्रियों को हीकरना पड़े इसके लिये जहां पुख्ता व्यवस्था की गयी है वहीं सामाजिक और धार्मिक संगठनों के द्वारा जगह–जगह पंडाल लगा करके उनके स्वागत और अभिनंदन के लिये भी पुख्ता व्यवस्था की गयी है।*

उन्होंने कांवड़ यात्रा की आड़ में उपद्रव करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने कहा

कि यात्रा पूरी होने के बाद उपद्रवियों की पहचान कर उनके पोस्टर सार्वजनिक किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों से भी व्यवस्था बनाये रखने की अपील की।

बाइट...

*मेरी विनम्र अपील होगी सभी श्रद्धावान शिव भक्तों से जो कांवड़ लेकर के शिवालियों में जलाभिषेक करने के लिए आ रहे हैं कि शिव लोक मंगल के देवता हैं हम सबका दायित्व बनना चाहिए हम कांवड़ यात्रा भगवान शिव को नमन करने के लिए उनकी प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त करनेके लिये जो ले जा रहे हैं, इसमें हम दूसरों की भी परेशानी को समझे।*

मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग और मेरठ—मुजफ्फरनगर मार्ग का हवाई निरीक्षण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री गाजियाबाद के श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर पहुंचे और भगवान दूधेश्वरनाथ का विधिपूर्वक रुद्राभिषेक किया।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

कल सावन माह का दूसरा सोमवार है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने कई जगहों पर रुट डायवर्जन किया है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। वहीं प्रदेश भर के शिवालयों में भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। दूसरे सोमवार पर वाराणसी में बाबा विश्वनाथ का गौरी–शंकर स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया जायेगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि श्री विश्वेश्वर के भक्त बाबा के इस विशेष स्वरूप का दर्शन कर पाएंगे। श्रद्धालुओं पुष्प वर्षा की जाएगी।

————————

केन्द्र सरकार ने कल से शुरु हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान, संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हुए। संसद का मानसून सत्र कल से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी।

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बेहद रचनात्मक रही। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

*सरकार की ओर से हम लोगों से सारा प्वाइंट्स नोट किए हैं। हमने ये रिक्वेस्ट किया है कि सदन अच्छे से चले। इसके लिए पक्ष और विपक्ष मिलकर के हमको काम करना होगा। आपस में कार्डिनेशन अच्छे तरह से रखना होगा। हम*

*पॉलिटिकल्स पार्टी अलग–अलग विचार धारा का हो सकता है, मगर सदन अच्छी तरह से चले ये सबका जिम्मेदारी है।*

————————

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 27 जुलाई को प्रस्तावित समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023 को शुचितापूर्ण, पारदर्शी और निर्बाध तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सीसीटीवी और एआई के जरिए निगरानी की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी। इस परीक्षा में 10 लाख 76 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए समस्त जनपदों में 2 हजार 382 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।**

————————

**त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्र सेन रेड्डी नल्लू ने आज अयोध्या में श्री राम लला का दर्शन पूजन किया। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राम मंदिर बन जाने के बाद एक अलौकिक छवि पूरे देश को देखने को मिलेगी। बाइट....**

*राम मंदिर का दर्शन बहुत अच्छा लगा, अभी पूरे बाकी के प्रिमिसेस में भी construction हो रहा है, लास्ट टेम एक साल पहले भी आया था, उस टेम को अभी बहुत आगे आये हैं।*

————————

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। कई जिलों में नदियां उफान पर हैं। बलिया में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं गंगा गाजीपुर और बदायूं के कचला ब्रिज में खतरे के निशान से आधा मीटर दूर है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए गरज चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं कुछ स्थानों पर बिजली गिरने और भारी वर्षा की आशंका जताई गई है।

————————